

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**माधवन ने ठुकराया पान मसाला का ऐड**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 153 ■ मंगलवार, 3 सितंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# दिवाली बाद महायुति फोड़ेगी पटाखे

■ **मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का दावा**



**ठाणे.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में जीत का दावा करते हुए कहा कि दिवाली के बाद सिर्फ महायुति गठबंधन ही पटाखे जलाएगा। अपने गृह नगर ठाणे में रविवार देर रात को एक जनसभा को संबोधित करते हुए शिंदे ने अपने गुरु आनंद दीघे और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके नेतृत्व वाली शिवसेना दीघे और ठाकरे की सीख और सिद्धांतों का पालन करती रहेगी।

शिंदे ने वहां मौजूद दर्शकों से पूछा, 'क्या आप महायुति सरकार द्वारा शुरू की गई सारी योजनाओं और कार्यक्रमों को जारी रखना चाहते हैं ?' इस पर लोगों ने हां में जवाब दिया।

आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नीत सत्तारूढ़ 'महायुति' या महागठबंधन की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) और कांग्रेस के महाराष्ट्र विकास आघाडी गठबंधन के साथ कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। राज्य में अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने वाले हैं।

राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा, 'उन्हें गलियों या दिल्ली जाने दीजिए। उन्हें महत्व मत दीजिए। हम अपना काम जारी रखेंगे।' उन्होंने हालिया लोकसभा चुनाव में ठाणे सीट से शिवसेना नेता नरेश म्हास्के को उतारने के अपने फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इस कदम का कुछ लोगों ने विरोध किया लेकिन म्हास्के ने इस सीट से जीत दर्ज की। अपने विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए शिंदे ने दावा किया कि उनके विरोधी लगातार उन्हीं पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।

उन्होंने कहा, 'जिस तरह से राजाराम प्रथम के शासनकाल के दौरान मुगल सेनाओं का मुकाबला करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मशहूर संताजी और धनाजी उनके दुश्मनों ने पानी में हर जगह दिखाई देते थे, उसी तरह वे एकनाथ शिंदे को हर जगह देखते हैं।' उन्होंने कहा कि जब तक लोगों का समर्थन उनके साथ है, तब तक वे आलोचनाओं से घबराने वाले नहीं हैं। शिंदे ने अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि महाराष्ट्र में हर परिवार की खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए इन योजनाओं को शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'महाराष्ट्र पहला राज्य है जिसने शिक्षित युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता की पेशकश की है।'

उन्होंने एक परिवार की मदद के दौरान मार्मिक क्षण का भी जिक्र किया। शिंदे ने कहा, 'मुझे आधी रात को पता चला कि एक लड़की ने आत्महत्या कर ली है क्योंकि उसके माता पिता उनकी शिक्षा का शुल्क वहन नहीं कर सकते थे। देर रात करीब दो बजे मैंने उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने वाली सभी लड़कियों का शुल्क माफ करने का फैसला किया।'

इस मौके पर अभिनेता मकरंद अनासपुरे, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक प्रताप सरनाईक, वरिष्ठ गायक सुरेश वाडकर, पूर्व विधायक रवीन्द्र फाटक, पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे और अन्य शिवसेना पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणेशोत्सव मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### आप जितनी ताकत देंगे, उतना लाभ मिलेगा....

महिलाओं के खातों में नकद हस्तांतरण की 'लाडकी बहिन' योजना का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा कि 1,500 रुपये मासिक वित्तीय सहायता राशि का भुगतान बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि 'अगर आप इस सरकार की ताकत को और बढ़ाते हैं तो इसमें और इजाफा ही किया जाएगा'। उन्होंने कहा, 'आप जितनी ताकत देंगे, लाभ भी उतना ही होगा। यही बात पुरुषों पर भी लागू होती है।' शिंदे ने ठाणे में गायमुख चौपाटी के दूसरे चरण का उद्घाटन किया और शिवाजी महाराज और कान्होजी आंग्रे का एक स्मारक बनाने की घोषणा की।

# द्वारली गांव की विवादित जमीन को लेकर फिर बवाल

■ **सर्वे के दौरान हथियारबंद गुंडों ने किसानों को धमकाया**




**कल्याण.** कल्याण के द्वारली गांव की जिस जमीन को लेकर भाजपा विधायक गणपत गायकवाड ने शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड पर फायरिंग की थी, उस जमीन का मुद्दा फिर एक बार गरमा गया है. सोमवार को द्वारली गांव के किसानों को धमकाने के मामले में उल्हासनगर की हिललाइन पुलिस ने दर्जनों आरोपियों को हिरासत में लिया है.

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक सर्वेयर विभाग के अधिकारी द्वारली गांव की विवादित जमीन का सर्वे करने के लिए गए थे. लेकिन जमीन से जुड़े किसानों ने सर्वे पर आपत्ति जताते हुए यह आरोप लगाया कि उन्हें बिना नोटिस दिए सर्वे किया जा रहा है. जब किसानों ने सर्वे रोकने की कोशिश की तो कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के गुंडे हथियार समेत मौके पर पहुंच गए. हथियारों से लैस गुंडों ने किसानों को डराने और धमकाने का प्रयास किया. सर्वे के दौरान काफी बवाल मच गया. इसकी जानकारी मिलते ही शिवसेना के शहर प्रमुख महेश गायकवाड भी द्वारली गांव पहुंचे. उन्होंने तुरंत हिललाइन पुलिस को सूचित किया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुछ गुंडों को हिरासत में लिया है. महेश गायकवाड का आरोप है कि किसानों को धमकाने वाले गुंडे संबंधित बिल्डर के कहने पर आए थे और उनके पास देसी कट्टा, चाकू, तलवार जैसे हथियार थे. खबर लिखे जाने तक हिललाइन पुलिस हिरासत में लिए हुए लोगों से पूछताछ कर रही है.

# कैंची से हमला कर ली जान

■ **कंस्ट्रक्शन साइट पर किया हमला**

■ **बहस ने लिया आपराधिक मोड़**

■ **आरोपी 5 सितंबर तक रिमांड में**



**बदलापुर.** बदलापुर में एक कंस्ट्रक्शन साईट पर चल रहे काम के दौरान यूपी से लाए गए कामगारों के बीच मामूली बात को लेकर बहस शुरू हो गई, जिससे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई.

दोनों कर्मचारियों राजपाल रामचरण गौतम और इंद्रजीत दीपक कुमार गौतम के बीच हुई बहस से गुस्साए राजपाल ने रसोई की कैंची से इंद्रजीत की गर्दन पर हमला कर दिया. इस हमले में इंद्रजीत की मौत हो गई है.

इस घटना के बाद बदलापुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी राजपाल को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी को 5 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है.

# नियमों को ताक में रखकर बनाई गई 5 मंजिला इमारत

■ **झलक की तरह शहर में कई इमारतें कर रही नियमों का उल्लंघन**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में अवैध निर्माण करने वाले महानगरपालिका के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके प्लान तो नियमानुसार पास करवा लेते हैं लेकिन इमारत बनाने के समय सभी नियमों का खुले तौर पर उल्लंघन करते हैं.

जिस तरह लाल चक्की पर झलक कंपनी द्वारा 16 मंजिला इमारत को नियमों को अनदेखा कर बनाया गया है उसी तर्ज पर कैम्प 5 में एक और पांच मंजिला इमारत को नियमों को अनदेखा कर बनाया गया है.

सूत्रों से खबर मिली है कि सुनील दुधानी नामक बिल्डर ने प्रेम नगर टेकड़ी परिसर में रुम नं. 1546, ब्लाक 773 पर पांच मंजिला इमारत जो बनाई है वो सारे नियमों को अनदेखा कर बनाई है. टाऊन प्लानिंग विभाग के अधिकारी बिना किसी जांच के इमारत का प्लान पास कर प्रमाण पत्र दिया है. इस पर कार्रवाई की मांग ने अब जोर पकड़ा है.

# अंबरनाथ फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार

■ **डोंबिवली के घरीवली से हुई गिरफ्तारी**

■ **नवंबर 2022 में हुई थी फायरिंग**

**कल्याण.** कल्याण क्राइम ब्रांच की एक टीम ने अंबरनाथ में एमआईडीसी फायरिंग मामले में दो भगोड़े आरोपियों को डोंबिवली के पास घरीवली गांव से गिरफ्तार किया है. मोक्का के तहत कार्रवाई किए गए इन दोनों आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने विभिन्न इलाकों में सर्च ऑपरेशन जारी रखा था. आख़िरकार ये दोनों अपराधी कल्याण क्राइम ब्रांच की पुलिस के हत्थे चढ़ ही गए. गिरफ्तार आरोपियों के नाम किरण अशोक गायकवाड (35, निवासी देसलेपाडा, भोपर रोड, डोंबिवली), दीपेश तुलशीराम जाधव (30, निवासी अदवली खुर्द, डोंबिवली) हैं.




कल्याण अपराध शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक दत्ताराम भोसले को गुप्त सूचना मिली कि दो साल पहले अंबरनाथ में अंधाधुंध फायरिंग कर फरार हुए दो अपराधी डोंबिवली के पास घारीवली गांव के रुनवाल गार्डन होम कॉम्प्लेक्स इलाके में गुप्त रूप से एक-दूसरे से मिलने जा रहे हैं. उन्होंने तुरंत यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजीत शिंदे को दी. शिंदे के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक संतोष उगलमुगले, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दत्ताराम भोसले, कांस्टेबल गुरनाथ जर्ग, विलास कडू, उमेश जाधव, अमोल बोरकर ने रुनवाल गार्डन इलाके में जाल बिछाया. तय समय पर आरोपी किरण गायकवाड़, दीपेश जाधव मौके पर आये. जैसे ही उन्हें खबर मिली कि पुलिस ने इलाके में जाल बिछा दिया है, उन्होंने वहां से भागने की कोशिश की. क्राइम ब्रांच की टीम ने उनका पीछा किया और घारीवली गांव की सीमा में उन्हें पकड़ लिया.

कई सालों तक किरण और दीपेश का डोंबिवली से लेकर अंबरनाथ इलाके में आतंक था. किरण मानपाड़ा पुलिस थाने के रिकॉर्ड में एक पंजीकृत अपराधी है. पुलिस दो साल से उनकी तलाश में थी. इनके खिलाफ संगठित अपराध के तहत कार्रवाई की गई है. शिवाजीनगर पुलिस को उनकी हिरासत दे दी गई है.

### बैलगाड़ी दौड़ के दौरान हुई थी फायरिंग

नवंबर 2022 में अंबरनाथ एमआईडीसी में सुदाम होटल के पास सड़क पर गोलीबारी हुई थी. बैलगाड़ी दौड़ को लेकर हुई बहस के दौरान दीपेश, किरण और उनके साथियों ने आदिवली के राहुल पाटिल और उसके साथियों पर पिस्तौल और बंदूकों से अंधाधुंध फायरिंग की. पंढरीनाथ फड़के की पहल पर 15 लोगों ने गोलियां चलायीं. फड़के की गैंग में दीपेश, किरण शामिल थे. हमले में राहुल पाटिल, मुकेश चित्ते, रवि जंगम, सोनू ठाकुर, अतुल केन बाल-बाल बच गए. इसके बाद से पाटिल और फड़के गुट के बीच दुश्मनी पैदा हो गई है.

# अंबरनाथ में कई महिनों से दर्जनों पोल लाइट बंद

■ **ठेकेदार सुनता ही नहीं**

■ **नपा विद्युत विभाग जिम्मेदार**

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में दर्जनों स्ट्रीट पोल लाइट कई महिनों से बंद है. अंबरनाथ नगर परिषद विद्युत विभाग में शहरवासियों द्वारा कई बार जबानी एवं लिखित शिकायत करने के बाद भी विभाग के अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं. उनका कहना है कि पोल लाइट का ठेका जिस ठेकेदार को दिया गया है, वह इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहा है. वह विभाग की सुनता ही नहीं है. शहर पश्चिम में महेंद्र नगर में एवं मुख्य सड़क पर कई पोल लाइट बंद है. ऐसी शिकायत कांग्रेस के पदाधिकारी संकेत तांबे ने नपा विद्युत विभाग के कम्प्लेंट बुक में दर्ज कराया है. यहां पर मस्जिद, चर्च और राम मंदिर के पास 20 दिनों से पोल लाइट बंद है. बुवापाड़ा गावलदेवी परिसर में दस से बारह लाइट बंद होने की शिकायत कम्प्लेंट बुक में दर्ज है. पूर्व उप नगराध्यक्ष सुनिल वाघमारे ने बताया कि आंबेडकर नगर में 10 से 12 लाइट कई दिनों से बंद है. फुले चौक शौचालय के पास, एकता गली, शंकर मंदिर, कालूबाई मंदिर व अन्य जगहों पर पोल लाइट बंद है. शहर में पोल लाइट बंद होने के बाद नपा में कम्प्लेंट लिखाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा पोल लाइट चालू नहीं करने पर शहरवासियों ने पोल लाइट ठेकेदार को हटाने के मांग करते हुए नए ठेकेदार को नियुक्त करने की मांग की है.

# अंबरनाथ महाविकास आघाड़ी द्वारा 'जोड़े मारो' आंदोलन

### मालवण में छत्रपति शिवाजी महाराज का पुतला गिरने का विरोध

■ **कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना उबाठा के नेता रहे उपस्थित**

यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में भी महाराष्ट्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए छत्रपति शिवाजी चौक पर महाविकास आघाड़ी की ओर से 'जोड़े मारो' आंदोलन सोमवार को किया गया. सिंधुदुर्ग मालवण में राजकोट किले पर महाराष्ट्र सरकार के माध्यम से बनाया गया छत्रपति शिवाजी महाराज का पुतला केवल 8 महिने की भीतर गिर गया था. उसके निषेध स्वरूप जोड़े मारो आंदोलन किया गया.

महाविकास आघाड़ी राष्ट्रवादी कांग्रेस के शहराध्यक्ष सदाशिव पाटिल, अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड. कृष्णा रसाल पाटिल, शिवसेना उबाठा अध्यक्ष एड. संदीप भराडे, अजित काले, आम आदमी पार्टी अध्यक्ष संजय फुलोरे आदि ने पत्रकारों को बताया कि महायुति द्वारा चलाई जा रही ये सरकार भ्रष्ट सरकार है. पुतला निर्माण करने में भारी भ्रष्टाचार हुआ है. सदा पाटिल ने सरकार से ये पूछा कि क्या हवा से पुतला कहीं गिर सकता है क्या? पुतला गिरने के जवाबदार ये भ्रष्ट सरकार है. इसलिए शाब्दिक जोड़े मारो आंदोलन किया गया है. इस आंदोलन में उपरोक्त नेताओं के अलावा राकांपा के धनंजय सुर्वे, पूनम शेलार, विनय मिश्रा, कांग्रेक के रईस खान, रोहित प्रजापति, अनिता जाधव, सायरा सय्यद, शिवसेना उबाठा की अंजलि राउत, रेशमा काले आदि उपस्थित थे. पुलिस का जबरदस्त बंदोबस्त रहा. अंबरनाथ में भाजपा की ओर से महाविकास आघाड़ी के आंदोलन के विरोध में कोई आंदोलन नहीं हुआ.

## ठाणे जिले में सितंबर से शुरू हुई पशुगणना

**ठाणे.** ठाणे जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में कुत्तों के साथ-साथ बकरी, गाय, बैल, बकरी और भेड़ भी हैं. इसकी गिनती सितंबर से शुरू हो गई. यह पशुधन गणना घरों और पशुपालन संस्थानों में की जाएगी. इसके लिए नगर निगम सहायता देगा और पहली बार यह गणना मोबाइल से होगी. जिला पशुपालन उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक 4 हजार घरों पर एक प्रगणक को काम करना होगा. वल्लभ जोशी एवं जिला परिषद के जिला पशुपालन अधिकारी डॉ. समीर टोडणकर ने कहा.

1919-20 तक देश में समय-समय पर पशुगणना कराई जाती रही. तब से यह जनगणना हर 5 साल में एक बार आयोजित की जाती है. राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा अब तक ऐसी 20 जनगणनाएं आयोजित की गई हैं.

पशुधन गणना न केवल नीति निर्माताओं के लिए बल्कि किसानों, व्यापारियों, उद्यमियों, डेयरी उद्योग, आम जनता के लिए भी फायदेमंद है. इससे पशुधन के लिए रणनीति बनाना आसान हो जाता है. 20वीं पशुधन जनगणना 2019 में आयोजित की गई थी.

# खाड़ी के किनारे अवैध शराब अड्डों पर छापा



■ **13 लाख रुपए का रसायन, अवैध शराब व अन्य वस्तुएं जब्त**

**ठाणे.** बारिश कम होने के बाद राज्य उत्पादन शुल्क (आबकारी) विभाग एकबार फिर एक्शन मोड़ में आ गया है. कोंकण विभाग उपायुक्त, ठाणे अधीक्षक सहित विभाग के अन्य अधिकारियों के नेतृत्व में ठाणे जिले के अलग -अलग इलाकों में अवैध गावठी शराब के अड्डों पर छापा मारकर 39 हजार 500 लीटर रसायन सहित लगभग 13 लाख रुपये का माल सामान जब्त किया. उपायुक्त प्रदीप पवार ने इस मामले में एमपीडीए के तहत कार्रवाई करने का आदेश दिया है

आबकारी विभाग के कोंकण विभाग उपायुक्त प्रदीप पवार, आबकारी विभाग के ठाणे जिला अधीक्षक प्रवीण तांबे व अन्य अधिकारियों ने आगासन, घेसर, छोटा देसाई, बड़ा देसाई, अंबरनाथ, वसाला, अंजुर, सरलांबे, आलिम घर, कवनी, कलवार जैसे इलाकों में छापे मारी की.खाड़ी के बीच मैंग्रोज के जंगल में अवैध शराब अड्डों पर छापा के लिए अधिकारियों ने नाव का सहारा लिया. अधिकारियों ने 180 ड्रम में बहरे रसायन को नष्ट किया. इस कार्रवाई में कुल 13 मामले दर्ज किये गए. कार्रवाई में उप अधीक्षक वैभव वैद्य, अभिजीत देशमुख, निरीक्षक महेश धनशेट्टी, संजय ढेरे, आनंद पवार , दीपक परब सहित अन्य अधिकारी शामिल थे.

# जसदीप सिंह गिल होंगे राधा स्वामी सत्संग डेरा व्यास के नए मुखी

**बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने किया एलान**





**उल्हासनगर.** ब्यास डेरा राधा स्वामी के मुखी गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर जसदीप सिंह गिल को घोषित किया है. उन्हें बतौर गुरू नामदान देने का अधिकार रहेगा. बता दें कि कुछ साल पहले बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों को कैंसर होने का पता चला था, जिसका लंबे समय से उपचार चल रहा है इसके अलावा ढिल्लों हृदय रोग से भी पीड़ित हैं.

बता दें कि राधा स्वामी सत्संग ब्यास डेरे की स्थापना 1891 में संगत को धार्मिक के साथ जुड़ने के लक्ष्य से हुई थी. डेरा विश्व के 90 देशों में फैला हुआ है और इसी शाखाएं यूएसए, आस्ट्रेलिया, जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड, अफ्रीका सहित कई देश में है.

डेरे के पास चार हजार एकड़ से भी ज्यादा जमीन है. इसमें करीब 48 एकड़ का लंगर हाल है. डेरा में उत्तर भारत सबसे बड़ा सोलर पैनल लगा हुआ है और डेरा व ब्यास रेलवे स्टेशन अपनी स्वच्छता के लिए जाना जाता है.

डेरे में संगत के रहने के लिए सराय, गेस्ट होस्टल और शेड बने हुए हैं. डेरे में लोगों के मुफ्त इलाज के लिए तीन अस्पताल बने हुए है, जिसमें डेरे से 35 किलोमीटर के घेरे में रहने वाले लोगों के इलाज के लिए मुफ्त में किया जाता है.

आज डेरे की ओर से सभी सेवादार इंचार्जों को भेजे पत्र में कहा गया कि पूज्य संत सतगुरु व राधा स्वामी सत्संग ब्यास के संरक्षक बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने सुखदेव सिंह गिल के पुत्र जसदीप सिंह गिल को राधा स्वामी सत्संग ब्यास सोसाइटी का संरक्षक मनोनीत किया है.

### बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने भेजा पत्र

वह 02 सितंबर 2024 से तत्काल प्रभाव से संरक्षक के रूप में कार्य करेंगे और जसदीप सिंह गिल, राधा स्वामी सत्संग ब्यास सोसाइटी के संत सतगुरु के रूप में बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों का स्थान लेंगे. पत्र में बाबा गुरिंदर ढिल्लों ने कहा है कि जिस प्रकार हुजूर महाराज जी के बाद उन्हें संगत का पूरा सहयोग व प्यार मिला है, उसी प्रकार जसदीप सिंह गिल को भी संरक्षक व संत सतगुरु के रूप में उनकी सेवा निभाने में वही प्यार और स्नेह दिया जाए.

# प्लेटफॉर्म की गैप में फंस गई महिला यात्री

**कल्याण.** तेज लोकल पकड़ने के दौरान एक महिला का हाथ दरवाजे में लगी लोहे की रॉड से फिसला और वह प्लेटफॉर्म व लोकल के बीच गैप में फंस गई. लोकल में सवार यात्रियों ने तुरंत चिल्लाकर लोकल रोकने का अनुरोध किया. रेलवे कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, लोहमार्ग पुलिस मौके पर पहुंचे और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला. महिला यात्री की पहचान मानसी किर (उम्र 24) के रूप में हुई है. यह घटना सोमवार सुबह व्यस्त समय के दौरान सेंट्रल रेलवे लाइन पर डोंबिवली रेलवे स्टेशन पर हुई. कल्याण से सीएसएमटी जाने वाली 15 कोच वाली फास्ट लोकल ट्रेन सुबह 8.50 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर पहुंची. हमेशा की तरह लोकल पकड़ने के लिए यात्रियों की भीड़ थी. वह ट्रेन पकड़ने के लिए संघर्ष कर रही थी ताकि कार्यालय के लिए देर न हो जाए. इसी बीच मानसी ने चढ़ने के लिए लोहे के दरवाजे का खंभा पकड़ लिया. लेकिन पैर फिसलने से उसका हाथ पोल पर से फिसल गया और वह लोकल और प्लेटफार्म के बीच फंस गई. मानसी के गिरते ही यात्री चिल्लाने लगे. यात्रियों ने मोटरमैन से कार रोकने का अनुरोध किया. यात्रियों की चीख-पुकार पर रेलवे सुरक्षाकर्मी, रेलवे पुलिस मौके पर आ गई. स्थानीय महिलाएं भी कोच से बाहर आईं और महिला को बाहर निकलने में मदद की. डोंबिवली रेलवे स्टेशन के उप स्टेशन अधिकारी अनिमेष कुमार, रेलवे सुरक्षा बल भावना सिंह, रेलवे कांस्टेबल गायखे, प्वाइंटमैन मिथुन गायकवाड़, प्रभाकर ठाकरे और यात्री कार्तिक सिंह और अन्य यात्रियों ने महिला को सुरक्षित बाहर निकाला.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## जघन्य अपराध करने वालों की सोच

राजधानी दिल्ली में बीते कुछ दिनों में बहुत सामान्य बात पर पीट-पीट कर हत्या कर देने की दो घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि कुछ लोगों के भीतर बातचीत से किसी मसले का हल निकालने का विवेक नहीं बचा है और हिंसा ही उन्हें आखिरी उपाय नजर आता है. दिल्ली के शाहदरा इलाके में गुरुवार को पैसे की लेनदेन को लेकर एक मिस्त्री को बुरी तरह पीट कर मार डाला गया. इससे एक दिन पहले रजौरी गार्डन इलाके में एक ढाबे के मालिकों और उसके कर्मचारियों ने एक ग्राहक की पीट-पीट कर हत्या कर दी.

इस तरह के मामले भी अक्सर सुर्खियों में आते हैं, जिनमें सड़क पर वाहन से हल्की टक्कर या फिर आगे निकलने की कोशिश में दो पक्षों में विवाद उभर जाता और उसके बाद मारपीट में किसी की जान चली जाती है. सवाल है कि बहुत सामान्य बातों पर ऐसे जघन्य अपराध तक कर डालने से पहले लोग एक पल के लिए इसके नतीजों के बारे में क्यों नहीं सोच पाते हैं. उनका विवेक काम करना क्यों बंद कर देता है?

समय के साथ आधुनिक और सभ्य होते समाज में उम्मीद यही की जाती है कि लोग आपसी व्यवहारों को लेकर संयत और विवेकवान होंगे. मगर यह समझना मुश्किल है कि लोगों के भीतर ऐसी असहिष्णुता और हिंसा कहां से और क्यों पैदा हो रही है कि वे बेहद मामूली बातों पर किसी की इस हद तक पिटाई करते हैं कि उसकी जान चली जाए. जिस तरह की बातों को बातचीत से सुलझा लेना चाहिए, उस पर हिंसक टकराव हो जाता है. आवेश में आकर एक सामान्य नागरिक कुछ ही देर में अपराधी बन जाता है.

हालांकि उसके बाद होने वाली कानूनी कार्रवाई में जब हत्या के आरोपियों को अपने अपराध और होने वाली सजा का अंदाजा होता है, तब शायद उन्हें यह अहसास होता होगा कि कुछ पल के लिए अगर उन्होंने शांति से मामले से निपटने की कोशिश की होती, तो न किसी की जान जाती, न उन्हें सजा का सामना करना पड़ता. मगर अफसोस कि आज कुछ लोगों के भीतर शायद इतना भी समझ पाने का धीरज और विवेक नहीं बचा है.

# सात शानदार तरीकों से हम पर असर डालेगी एआई

अब तक के इतिहास में कुछ तकनीकों ने इंसान को दूसरों की तुलना में कहीं अधिक प्रभावित किया है. यकीनन, आग को वश में करना वह पहली तकनीक थी, जिसके बाद कृषि, छपाई, बिजली, कंप्यूटिंग, इंटरनेट आदि का विकास संभव हो सका. इन तकनीकों को 'जीपीटी' भी कह सकते हैं, 'चैटजीपीटी' नहीं, बल्कि 'जेनरल पर्पस टेक्नोलॉजी', यानी सामान्य प्रयोजन की तकनीकें. मैं कृत्रिम बुद्धिमता, यानी एआई को भी इसी श्रेणी में रखता हूं, जो न सिर्फ कारोबार व अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने, बल्कि समाज, भू-राजनीति और मानवता को भी नया रूप देने में सक्षम है. मैं यहां उन सात तरीकों की चर्चा कर रहा हूं, जिनसे एआई जीवन को नया रूप देगी.

एक, एआई नया यूआई है. माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने यह पूछने पर कि हम मशीनों की ताकत का किस तरह उपयोग कर सकते हैं, यह बताया था कि कैसे कंप्यूटर के यूजर इंटरफेस (यूआई) में अनवरत हो रहा बदलाव इंसानों की उत्पादकता बढ़ाता रहा है. खासकर जेनरेटिव एआई के आने के बाद से हमारी आवाज ही नई यूआई बन जाएगी और हम मशीनों के साथ उसी तरह समन्वय बिठाकर काम कर सकेंगे, जैसे किसी अपने सहकर्मी के साथ करते हैं.

दूसरा, अब नए प्लेटफॉर्म एजेंट होंगे. गेट्स ने बताया कि कैसे बेकार एप की जगह अब वे एजेंट ले लेंगे, जो हमारी ओर से काम करने में सक्षम होंगे. जैसे, आज हम किसी यात्रा की प्लानिंग करते हैं, तो हमें कई एप या वेबसाइटें खंगालनी पड़ती हैं. आने वाले दिनों में एजेंट ही हमारी पसंद व




प्राथमिकताएं देखकर यात्रा-कार्यक्रम बना देंगे और हमारी ओर से टिकट, होटल वगैरह भी बुक कर देंगे. चैटजीपीटी के जीपीटी स्टोर जैसे प्रोटो-एजेंट हमें दिखने भी लगे हैं.

तीसरा, 'सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस' की जगह 'सर्विस एज ए सॉफ्टवेयर' होगा. मसलन, अभी क्विकबुक्स जैसी सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस कंपनी कर सेवाओं के लिए अपने टूल बेचती है, पर वांछित नतीजे के लिए ग्राहक ही जिम्मेदार होता है, जबकि सर्विस एज ए सॉफ्टवेयर में वांछित परिणाम देने की जिम्मेदारी कंपनी की होगी, यानी आपको एक एआई अकाउंटेंट मिलेगा, जो आपकी जगह पर आपका टैक्स-रिटर्न भर देगा.

चौथा, अंग्रेजी कोडिंग की नई भाषा है. गार्टनर के मुताबिक, एआई सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि कहीं ऊंची चीज है, क्योंकि यह इंसानों व मशीनों के बीच बातचीत के तरीके में बड़ा बदलाव लाती है. जेनरेटिव एआई द्वारा हम कंप्यूटर को अपनी भाषा में निर्देश दे सकते हैं, चाहे वह अंग्रेजी हो, हिंदी हो या अन्य कोई भाषा, यानी हमें मशीनों की भाषा सीखने की जरूरत नहीं, बल्कि मशीनों को हमारी भाषा समझने की जरूरत है. इससे उत्पादकता में बड़ी क्रांति आ सकती है, क्योंकि तब कोडिंग आम लोग भी कर सकते हैं.

पांचवां, नया एआई फोन साकार हो सकेगा. बेशक एआई वाले उपकरण पहले से बाजार में उपलब्ध हैं, पर मेरा मानना है कि एआई फोन आज के आईफोन से काफी अलग होगा. इसे स्पर्श के बजाय बोलकर कमांड दिया जा सकेगा. एप की जगह एजेंट ले लेंगे और एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम के बजाय हम इंसानी भाषा समझने वाले सिस्टम देखेंगे.

छठा, अब मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) नए मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) बन जाएंगे. चूंकि जेनरेटिव एआई एक लोकतांत्रिक तकनीक है, इसलिए यदि हर कर्मचारी इसका इस्तेमाल करने लगे, तो व्यवसाय को काफी लाभ मिलेगा. जाहिर है, कर्मचारियों में एआई की समझ बढ़ाने की संस्कृति नेतृत्व को ही विकसित करनी होगी.

सातवां, एआई से इंसान की एक नई प्रजाति विकसित होगी. इजरायली लेखक युवाल नोआ हरारी की मानों, तो होमो सेपियन्स, यानी आधुनिक मानव एआई और जैव-प्रौद्योगिकी के बूते महामानव बन सकता है. इस प्रजाति को वह 'होमो डेस' कहते हैं. यहां 'डेस' का अर्थ है ईश्वर. हालांकि, इसे अतिरंजित बयान कहा जा सकता है, पर एलन मस्क जैसे लोग इस विचार के कायल हैं. साफ है, आगामी दिनों में एआई, जेनरेटिव एआई सामान्य प्रयोजन वाली तकनीकें बन जाएंगी, जो इंसानों व पृथ्वी के भविष्य को नया आकार दे सकेंगी. इसीलिए, हमें एआई-दक्ष बनने की दिशा में फौरन जुट चाहिए.


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जहाँ भी जाइए, वहाँ एकता की खुश्बू फैलाइए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# दोषियों पर हो सख्त एक्शन

महिला सुरक्षा को लेकर चौतरफा गहरा असंतोष है. कोलकाता महिला चिकित्सक बलात्कार और हत्या कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को कड़ाई से लागू करने और यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई की जरूरत फिर से रेखांकित की जा रही है. कोलकाता में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा. उस घटना पर हर राजनीतिक दल और बड़ा नेता अपनी संवेदना व्यक्त कर चुका है. राष्ट्रपति ने भी कहा कि अब बहुत हो चुका, ऐसी घटनाएं किसी भी रूप में रुकनी ही चाहिए. अब प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों के सम्मेलन में उनसे अपील की कि महिला और बाल उत्पीड़न संबंधी मामलों में वे शीघ्र सुनवाई करें, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके और अपराधियों में खौफ पैदा हो.

हकीकत यही है कि बलात्कार और बाल यौन उत्पीड़न जैसे मामलों पर नकेल कसना इसीलिए मुश्किल बना हुआ है कि अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं हो सका है. निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को और सख्त बनाया गया था. बाल यौन शोषण के विरुद्ध पाक्सो कानून बना था, जिसमें आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी और जमानत तक न देने का कड़ा प्रावधान किया गया. मगर उन कानूनों का भय कहीं नजर नहीं आता.

कड़े कानून बना देने भर से अपराधों पर लगाम लगने का भरोसा पैदा नहीं किया जा सकता. इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सही तरीके से अमल में लाया जाए और न्यायालयों में शीघ्र निर्णय हो. मगर हकीकत यह है कि



महिला उत्पीड़न संबंधी ज्यादातर मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं हो पाती. बहुत सारे मामलों में तो प्राथमिकी दर्ज करने में ही कई दिन लग जाते हैं. इस तरह बलात्कार जैसे मामलों में जरूरी सबूत भी ठीक से उपलब्ध नहीं हो पाते. फिर, जांचों में पुलिस इतना विलंब कर देती है कि सुनवाई वर्षों तक चलती रहती है.

इसके अलावा सबसे चिंता की बात यह है कि बलात्कार के मामले में दोष सिद्धि की दर बहुत न्यून है. सबूतों के अभाव में अपराधी छूट जाते हैं. पाक्सो जैसे कानून में भी अनेक बार देखा गया है कि रसूखदार आरोपियों के मामले में पुलिस गिरफ्तारी तक को टालती रहती है. फिर गवाहों और पीड़िता तक को डरा-धमका या लोभ-लालच देकर बयान पलटने पर मजबूर कर दिया जाता है. इन स्थितियों से अदालतें अनजान नहीं हैं. मगर आमतौर पर निचली अदालतें उस तरह पुलिस पर जांचों में तेजी और निष्पक्षता लाने का दबाव नहीं बना पातीं, जिस तरह कई बार ऊपरी अदालतें करती हैं.

फिर, अदालतों पर मुकदमों का बोझ अधिक होने की वजह से मामलों की सुनवाई लंबे समय के लिए टलती रहती है. महिला यौन उत्पीड़न के मामलों में प्रावधान किया गया कि उन्हें त्वरित अदालतों में निपटाया जाए. साल भर के भीतर उन पर फैसला देने का प्रयास हो. मगर जो मामले खूब विवादों और चर्चा में रहते हैं, उनकी सुनवाई भी जल्दी पूरी नहीं हो पाती. जिन देशों में आपराधिक मामलों में सख्त और तेज कार्रवाई होती है, वहां अपराध की दर काफी नीचे देखी जाती है. महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध देश के किसी भी हिस्से में हो, अगर पुलिस तुरंत सक्रिय होकर कार्रवाई करे, जिला अदालतें महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में सख्ती और तत्परता दिखाएं, तो ऐसी आपराधिक प्रवृत्तियों पर लगाम लगाना आसान हो जाएगा. कानून का भय अपराध को रोकने में सबसे कारगर उपाय होता है.

# लाल पंखों वाले इन पंछियों का होता है अपना इलाका

जरा हट के

छ देखने में छोटे लेकिन लाल रंग के कार्डिनल्स सुंदर होने के साथ कई तरह की खूबियां लिए होते हैं. इनका आक्रमक अंदाज साथी के प्रति वफादारी और साथ ही अपने इलाके से खास लगाव इन्हें बाकी पंछियों से कुछ खास ही बना देते हैं. कई तरह की आवाजें निकाल कर संचार करना इनकी आदत में शामिल है. इतना ही नहीं ये बड़े शौक से मीठा खाते हैं.

कार्डिनल्स सिर्फ खूबसूरत लाल पक्षी नहीं हैं, वे कई संस्कृतियों और पारिस्थितिकी प्रणालियों में एक विशेष स्थान रखते हैं. कार्डिनल्स अपने आकर्षक लाल पंखों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन उनके बारे में और भी बहुत कुछ है. नर कार्डिनल्स बहुत ही उग्र क्षेत्रीय होते हैं, जो अक्सर अपनी जगह की रक्षा के लिए लड़ाई में शामिल होते हैं. ये पक्षी एकरस होते हैं, जो जीवन भर एक ही साथी के साथ रहते हैं.



आकार में छोटे कार्डिनल पक्षी, अपने आकर्षक लाल पंखों के लिए जाने जाते हैं. इनकी किलगी खास होती है. इसकी खासियत ये होती है कि ये उनके मूड के हिसाब से ऊंची नीची होती रहती है. कार्डिनल्स के साल में एक बार पुराने पंख झड़ जाते हैं और गर्मी के आखिर में उनके नए पंख ऊग आते हैं. उनकी चोंच बहुत अधिक मजबूत होती है. उनकी नजरें बहुत तीखी होती हैं जिससे वे छोटे शिकार और भोजन पता लगा लेते हैं.

कार्डिनल्स एक साथी के साथ पूरा जीवन बिता देते हैं. लेकिन दोनों के बीच एक अंतर भी होता है. चमकीले लाल रंग के कार्डिनल्स के नरों का खास रंग होता है. जबकि मादाएं कत्थई रंग की देखी जाती हैं. इसमें कोई संदेह नहीं नहीं कि कई तरह की आवाजें निकाल पाने के कारण कार्डिनल्स गीत गाने वाले पंछी कहे जाता है. नर और मादा दोनों ही गाते पाए जाते हैं. कार्डिनल्स सुबह जल्दी उठ जाते हैं और सुबस से ही गाना गाते पाए जाते हैं. वे कई तरह से अपने साथियों को बुलाते हैं. इनका इस्तेमाल वे संचार के लिए करते हैं जिनमें चेतावनी से लेकर मिलाप के लिए संकेत शामिल होते हैं.

# डायबिटीज मरीजों के लिए वरदान है उड़द दाल

- **सेवन करने से डाउन हो जाएगा शुगर लेवल**

दुनियाभर में डायबिटीज से पीड़ितों की संख्या तेजी से बढ़ी है. अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खानपान इसके बड़े कारण माने गए हैं. जीवनभर साथ रहने वाली डाइबिटीज कभी उम्रदराज लोगों में देखी जाती थी. लेकिन आजकल युवा भी इसके शिकंजे में हैं. बेशक ये बीमारी जड़ से खत्म न हो, लेकिन खानपान से कंट्रोल जरूर किया जा सकता है. इसके जरूरी है कि हेल्दी खानपान को डाइट में शामिल करें. इसके लिए लोग तमाम चीजों का सेवन करते हैं, लेकिन कई चीजें खाने को लेकर कंफ्यूज भी रहते हैं. उड़द की दाल भी ऐसी ही चीजों में से एक है. अब सवाल है कि क्या शुगर के मरीज उड़द की दाल का सेवन कर सकते हैं? उड़द की दाल डाइबिटीज में कैसे फायदेमंद? डायबिटीज में उड़द की दाल को कैसे खाएं?



- **इन पोषक तत्वों का भंडार है उड़द की दाल**

डाइटिशियन के मुताबिक, अगर खानपान में अगर थोड़ी सी लापरवाही हुई तो ब्लड में शुगर का लेवल बढ़ सकता है. ऐसे में जरूरी है कि ऐसी चीजों को डाइट में शामिल करें, जो डायबिटीज कंट्रोल करने के साथ सेहत का भी ध्यान रखें. इसके लिए आप उड़द की दाल को कई तरह से डाइट में शामिल कर सकते हैं. यह स्वाद में बेहतरीन और सेहतमंद होती है. इसमें मैग्नीशियम, पोटैशियम और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं. इसके अलावा, इस दाल में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो भूख को कंट्रोल करती है. इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ने नहीं देता है.

**खिचड़ी:** डायबिटीज के मरीज उड़द की दाल ही नहीं, खिचड़ी का भी सेवन कर सकते हैं. दरअसल, ये दाल प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होती हैं. ये शुगर लेवल तो कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभा सकती है. हालांकि, आप चाहें तो खिचड़ी को स्वादिष्ट बनाने के लिए हल्के तेल में सब्जियों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

**पराठा:** डायबिटीज के मरीजों के लिए ब्रेक फास्ट बहुत जरूरी है. ऐसे में अगर आप कुछ स्वादिष्ट खाना चाहते हैं, तो इसके लिए उड़द दाल से बने पराठा खा सकते हैं. हालांकि स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें मेथी के पत्ते भी मिक्स कर सकते हैं. ये दोनों ही चीजें डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद हैं. ऐसा करने से बढ़ते शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है.

**कढ़ी:** डायबिटीज के मरीज हैं और उड़द दाल खाकर बोर गए हैं. ऐसे में आप चाहें तो उड़द दाल की कढ़ी बना सकते हैं. इसमें दही और अन्य मसालों का इस्तेमाल कर सकते हैं. हालांकि, उड़द दाल की कढ़ी में बेसन का उपयोग नहीं होता है. ये शुगर लेवल को कंट्रोल में रखकर आपको सेहतमंद रखेगी.

**सूप:** डायबिटीज के मरीज अपनी डाइट में उड़द दाल का सूप पी सकते हैं. ये स्वादिष्ट होने के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होगा. हालांकि, इसका स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें सीमित मात्रा में कुछ अन्य चीजों को भी एड कर सकते हैं.

**लड्डू:** आप चाहें तो उड़द दाल के लड्डू बनाकर भी खा सकते हैं. इनकी सबसे बड़ी खासियत यही है कि ये आपको सेहतमंद रखते हुए शुगर लेवल कंट्रोल में रखेगा. इनको आप नाश्ते के साथ किसी भी समय भूख लगने पर ले सकते हैं.

# ब्रेड पिज्जा

खाना-खजाना

अगर आपको भी कभी-कभी तेज भूख लगती है और ऐसे में आप क्या खाएं इस चीज को लेकर परेशान हो जाते हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है. आज हम आपको एक ऐसी रेसिपी के बारे में बताएंगे, जिससे आप कम समय में बनाकर तैयार कर सकते हैं और अपनी तेज भूख को आसानी से शांत कर सकते हैं. आइए जानते हैं उस डिश के बारे में. हम बात कर रहे हैं ब्रेड पिज्जा की. यह डिश कम समय में बनकर आसानी से जल्दी तैयार हो जाती है. अगर आप भी तेज भूख को शांत करने के लिए ब्रेड पिज्जा बनाने की सोच रहे हैं, तो इस खास रेसिपी को फॉलो कर लें.

### ब्रेड पिज्जा बनाने के लिए सामग्री

अब आप घर पर कम समय में ब्रेड पिज्जा रेडी कर सकते हैं. इसके लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी. जैसे ब्रेड स्लाइस, टोमेटो सॉस, प्याज, शिमला मिर्च, हरी मिर्च, ओरिगैनो, चार्ट मसाला, चिली फ्लेक्स, स्वादानुसार नमक, और तेल इन सभी सामग्री का



इस्तेमाल कर आप फटाफट ब्रेड पिज्जा बना सकते हैं.

### ब्रेड पिज्जा बनाने का तरीका

ब्रेड पिज्जा बनाने के लिए आपको ब्रेड स्लाइस को एक प्लेट में रखना है. उसके बाद स्लाइस के ऊपर टोमेटो सॉस लगाएं, आप स्लाइस के ऊपर टोमेटो सॉस के अलावा पिज्जा सॉस भी लगा सकते हैं. अब ब्रेड के ऊपर कुछ सब्जियां डाल दें. जैसे बारीक कटी शिमला मिर्च, प्याज, मशरूम और अपनी पसंद की दूसरी सब्जी.

### ओवन या माइक्रोवेव का करें इस्तेमाल

अब इसके ऊपर ओरिगैनो, चार्ट मसाला, चिल्ली फ्लेक्स और स्वाद अनुसार नमक डाल दें. अब आप इसे ओवन या फिर माइक्रोवेव में 5 से 6 मिनट के लिए बेक करने के लिए रख दें. अब आपका ब्रेड पिज्जा तैयार हो गया है. आप अगर चाहे तो इसके ऊपर चीज भी डाल सकते हैं.

# सीटी मारते ही कुकर से निकलता है पानी?

- **भूलकर भी न करें ये मिस्टेक**

प्रेशर कुकर का इस्तेमान न केवल कुकिंग के समय की बचत करता है, बल्कि यह भोजन में स्वाद बढ़ाने और न्यूट्रिशन को बनाए रखने में भी मदद करता है. इसलिए डायटीशियन भी इस बात की सलाह देते हैं कि जहां तक हो, प्रेशर कुकर का इस्तेमाल फायदेमंद हो सकता है. हालांकि जो लोग नया-नया कुकर खरीद कर इस्तेमाल कर रहे हैं उन्हें कुकिंग के दौरान छोटी मोटी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. मसलन, सीटी के साथ दाल-चावल का पानी बाहर आ जाना. इसकी वजह से स्टोव और आसपास की दीवार पर गंदगी फैल जाती है जिसे साफ करने में काफी मेहनत लग सकता है. लेकिन अगर आप ऐसा होने की वजह जान लें तो यह दिक्कत बड़ी आसानी से खत्म हो सकती है.

### किन वजहों से निकलता है पानी?

- अगर कुकर में ज्यादा पानी डाल दिया जाता है, तो पकने के दौरान पानी उबलकर बाहर निकल सकता है.
- कुकर की रबड़ की सीलिंग सही तरीके से अगर सेट नहीं हुई है तो भी पानी का फुहार निकल सकता है और पानी बाहर आ सकता है.
- अगर प्रेशर कुकर के वेंट पाइप में कुछ फंसा हुआ है और भाप निकलने में बाधा आ रही है तो यह परेशानी हो सकती है.
- अगर कुकर में आपने अधिक मात्रा में दाल-चावल डाल दिया है तो भी पानी बाहर निकल सकता है.

### ऐसे करें कुकर को साफ

- पहले कुकर को ठंडा होने दें जिससे अंदर का प्रेशर कम हो सके. इससे सफाई करना आसान और सुरक्षित होगा.
- कुकर की सीलिंग रिंग को पहले निकालकर देखें कि उसमें कोई दरार या नुकसान तो नहीं है. अगर रिंग पुरानी हो गई है, तो इसे तुरंत बदल दें.
- वेंट पाइप में कुछ फंसा हो तो इसे एक साफ और पतली चीज से साफ करें. जैसे टूथपिक.
- कुकर के बाहर की सफाई के लिए एक गीला कपड़े को साबुन के घोल में मिलाएं और इससे दाग और गंदगी को अच्छी तरह से साफ करें.



### इस्तेमाल के दौरान रखें इन बातों का ध्यान

**पानी की सही मात्रा:** जब भी खाना बनाएं तो कुकर में बहुत अधिक पानी न डालें. हमेशा आधा या उससे थोड़ा अधिक मात्रा में ही पानी डालें.

**सीलिंग रिंग पर रखें नजर:** कुकर के सीलिंग रिंग को समय-समय पर जांचते रहें और जरूरत पड़ने पर बदल दें. इससे कुकर में प्रेशर बनने में मदद मिलेगी.

**अधिक मात्रा में रखें सामग्री:** कुकर में उतनी ही सामग्री डालें जितनी कि उसकी क्षमता हो. छोटे कुकर में अधिक खाना पकाएंगे तो यह खतरनाक भी हो सकता है.

# हेयर फॉल की समस्या से परेशान

- **तो अपनाएं यह आसान उपाय**
- **घने और मजबूत हो जाएंगे बाल**



आज के समय में हेयर फॉल की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है. वहीं महिला हो या पुरुष हेयर फॉल की समस्या से सभी परेशान हैं. अगर आपके भी हेयर फॉल नहीं रुक रहे हैं, तो आज हम आपको हेयर स्पेशलिस्ट द्वारा एक ऐसा उपाय बताएंगे, जिसे आप अपने डेली रूटीन में शामिल करके हेयर फॉल को रोक सकते हैं.

बालों से जुड़ी समस्याओं में फिटकरी का इस्तेमाल करना कारगर माना जाता है. क्योंकि फिटकरी में बहुत सारे औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो हमारे बालों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है. इसीलिए जिन लोगों का हेयर फॉल हो रहा है या हेयर की ग्रोथ रुक गई है, तो वो अपने बालों को फिटकरी के पानी से धोएं, जो आपके बालों के लिए बहुत लाभदायक साबित होगा.

### ऐसे करें इस्तेमाल..

डॉ. नेहा ने बताया कि सबसे पहले गुलाब जल में थोड़ा सा फिटकरी का पाउडर मिक्स करें. अब इस मिश्रण को अपने बालों में लगा लें और 20 मिनट बाद साफ पानी से बाल धोएं. इस मिश्रण को सप्ताह में दो बार लगाएं.

### डैंड्रफ से भी मिलेगा छुटकारा..

अगर आपके बालों में डैंड्रफ या जुएं हैं, तो आप चुटकीभर फिटकरी को शैंपू में अच्छी तरह मिक्स कर लें. इससे हेयर वॉश करें. जिससे डैंड्रफ और जुएं दोनों से छुटकारा मिल जाएगा.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : व्यापार में लाभ होगा. निवेश शुभ रहेगा. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. घर में मेहमानों का आगमन होगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी. दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें. हानि संभव है. भाइयों का साथ मिलेगा.

**वृषभ** : मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा. शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें. निवेश शुभ रहेगा. तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है.

**मिथुन** : किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. भागदौड़ रहेगी. बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. पुराना रोग उभर सकता है. व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा. व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा. बजट बिगड़ेगा. दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें. जोखिम न उठाएं.

**कर्क** : जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे. मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा. नए संपर्क बन सकते हैं. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी. लाभ में वृद्धि होगी. पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. व्यय होगा. धनार्जन होगा. कष्ट, भय, चिंता का वातावरण बन सकता है.

**सिंह** : आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी. तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. रोजगार प्राप्ति के योग हैं. परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है. शत्रुता में वृद्धि होगी. अज्ञात भय रहेगा. थकान महसूस होगी. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कन्या** : नई योजना बनेगी. लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं. यात्रा सफल रहेगी. शारीरिक कष्ट हो सकता है. बेचैनी रहेगी. भरपूर प्रयास करें. आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी. पार्टनरों का सहयोग मिलेगा.

**तुला** : प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी. व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. कार्य पर ध्यान दें. अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे. कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है. पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है. अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** : यात्रा लाभदायक रहेगी. आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. वस्तुएं संभालकर रखें. कोई राजकीय बाधा हो सकती है. जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें. विवाद से बचें. काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें.

**धनु** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा. अचानक लाभ के योग हैं. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी. नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है. पारिवारिक सहयोग मिलेगा. उत्साह से काम कर पाएंगे. किसी की बातों में न आएं.

**मकर** : परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. कार्य की गति धीमी रहेगी. चिंता तथा तनाव रहेंगे. निवेश करने का समय नहीं है. नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है.

**कुंभ** : सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें. निवेश करने से बचें. व्यापार ठीक चलेगा. आय बनी रहेगी. मित्रों का सहयोग मिलेगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. शारीरिक कष्ट संभव है. व्यवसाय धीमा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है.

**मीन** : नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा. मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. किसी अपरिचित की बातों में न आएं. धनहानि हो सकती है. थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे.

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### मकान गिरा, मलबे में दबने से तीन साल की बच्ची की मौत, चार घायल

**मथुरा.** मथुरा में थाना गोविंद नगर स्थित नयी बस्ती क्षेत्र में एक मकान के अचानक भर-भराकर गिर गया. जिससे मलबे में दबने से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई. जबकि अन्य चार लोग घायल हो गए. पुलिस ने सोमवार को इस मामले की जानकारी दी. पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि यह हादसा डीग गेट क्षेत्र की नयी बस्ती इलाके में रविवार देर रात दो बजे उस समय हुआ जब परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में थे. हादसे में मकान मालिक जफर, उसकी पत्नी और तीनों बच्चे मलबे में दब गए. जब तक उन सभी को वहां से निकाला जाता, उनकी तीन साल की बच्ची की मौत हो गयी. एसपी ने बताया कि मकान बहुत पुराना और जर्जर था.

### लखनऊ में चलती स्कार्पियों में युवती से गैंगरेप

**लखनऊ.** इंस्टाग्राम पर फ्रेंडशिप के बाद कानपुर से लखनऊ आई एक युवती के साथ चलती स्कार्पियो में गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात हुई है. युवती को कोल्डड्रिंक में नशीली चीज मिलाकर पिलाने के बाद दरिंदगी की गई. उसे चिनहट के एक होटल में भी लेकर जाया गया. वहां भी उसके साथ गलत हरकतें की गईं. युवकों के चंगुल से बचकर निकली युवती ने चिनहट कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है. शिकायत मिलते ही पुलिस फास्ट हुई और युवती की शिकायत पर दो युवकों को गिरफ्तार भी कर लिया है.

### हैंडपंप ठीक करते समय लगा करंट, दो मजदूरों की मौके पर ही मौत, तीसरा गंभीर

**एटा.** एटा जिले के निधौली कलां क्षेत्र में सोमवार को एक सरकारी हैंड पंप ठीक करते समय करंट लगने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई. एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया. एक साथ तीन मजदूरों के करंट का झटका लगने के बाद गिरते ही मौके पर अफरातफरी मच गई. पुलिस क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी दोहरे ने यहां बताया कि निधौली कलां थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव में आज सुबह सड़क के किनारे लगे एक हैंड पंप को ठीक किया जा रहा था. इसी दौरान नल के अंदर से निकाला जा रहा पाइप, ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वाट के बिजली के तार के सम्पर्क में आ गया जिससे नल ठीक कर रहे श्रमिक प्रमोद (32) और भूपेंद्र (33) को करंट लग गया. दोनों मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई.

### टूरिस्ट वीजा पर भेजे गए चार युवक दुबई में बने बंधक, 6 महीने से मेहनताना भी नहीं मिला

**संतकबीरनगर.** संतकबीरनगर जिले के चार युवकों को एक संस्था ने टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेज दिया. वहां पिछले छह महीने से वे एक फैक्ट्री में बंधक बनकर मजदूरी कर रहे हैं. उन्हें कोई मेहनताना भी नहीं दिया जा रहा है. परिजनों ने युवकों की वापसी की गुहार लगाई है. कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है. संतकबीरनगर के महुली थाना क्षेत्र के भगता निवासी धर्मेंद्र कुमार ने तहरीर दी है कि वह अपने परिचित महुली के रौतापार निवासी नूर मोहम्मद के माध्यम से विदेश भेजने वाली संस्था गल्फ टेक्निकल इंस्टीट्यूट के सिंघड़िया स्थित दफ्तर गए थे. संस्था के मालिक संतोष सिंह ने उनके परिचित चार युवकों संतकबीरनगर के मोहम्मद कैफ, मोहम्मद नौशाद, निरंजन, डली मोहम्मद को विदेश भेजा. संतोष ने सभी से दो-दो लाख रुपये लिए. इसमें से लाख रुपये फोन पे के माध्यम से एडवांस और बाकी एक लाख रुपये कैश दिया गया. चारों युवक 23 फरवरी को दुबई भेजे गए.

# जाति जनगणना संवेदनशील मुद्दा : RSS

## समाज के विकास के लिए ये करनी चाहिए, चुनाव प्रचार के लिए इसका इस्तेमाल न हो

**पलक्कड़.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) ने सोमवार को जाति जनगणना को लेकर कहा कि यह लोगों के कल्याण के लिए सही है, लेकिन इसका इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए.

समन्वय बैठक के बाद मुख्य प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार को सिर्फ डेटा के लिए जाति जनगणना करवानी चाहिए.

RSS की अखिल भारतीय समन्वय बैठक हर साल होती है. इस साल यह 31 अगस्त से 2 सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में हुई. जिसमें कोलकाता रेप-मर्डर केस और यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भी चर्चा हुई.

### बड़े मुद्दे, जिन पर समन्वय बैठक में चर्चा हुई

**जाति जनगणना पर :** आंबेकर ने कहा- हमारे हिंदू समाज में जाति बहुत संवेदनशील मुद्दा है. जनगणना हमारी राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के लिए अहम है. इसे बहुत गंभीरता के साथ किया जाना चाहिए. किसी जाति या समुदाय की भलाई के लिए भी सरकार को आंकड़ों की जरूरत होती है. ऐसा पहले भी हो चुका है. लेकिन इसे सिर्फ समाज की भलाई के लिए किया जाना चाहिए. चुनावों का पॉलिटिकल टूल न बनाएं.

**कोलकाता रेप-मर्डर केस :** आंबेकर ने कोलकाता रेप-मर्डर को दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया. वे बोले- हर कोई इससे चिंतित है. देश में ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं. हमने सरकार की भूमिका, आधिकारिक तंत्र, कानून, सजा पर चर्चा की है. सभी का मानना है कि ऐसे मामलों पर दोबारा विचार करने की जरूरत है, ताकि हम फास्टट्रैक जैसी प्रोसेस अपना सकें और पीड़ित को न्याय दिला सकें.



**यूनिफॉर्म सिविल कोड :** यूसीसी मॉडल पहले से ही जनता के बीच है. उत्तराखंड में यूसीसी को अपनाने से पहले उन्होंने इसे सार्वजनिक डोमेन में रखा था. इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें 2 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए और उन्होंने इस पर चर्चा की. मुझे लगता है कि अब यह सार्वजनिक डोमेन में है. जनता को इसका अनुभव है, फिर हम इस पर चर्चा कर सकते हैं.

**बांग्लादेश में हिंदुओं के हालात पर :** सुनील ने बताया कि बैठक के दौरान कई संगठनों ने बांग्लादेश के हालात पर विस्तृत रिपोर्ट पेश की है. बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के बारे में हर कोई चिंतित है. हमने सरकार से वहां के हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ बातचीत करने का अनुरोध किया है.

### ■ पिछली बैठक में भाजपा को सलाह दी थी- लापरवाही से काम नहीं चलेगा

■ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सितंबर 2023 में हुई समन्वय बैठक में भाजपा को संघ ने सलाह दी थी कि विरोधी दलों के गठबंधन से डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन लापरवाही से भी काम नहीं चलेगा. इस बैठक की शुरुआत सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने भारत माता की पूजा से की थी. इस बैठक में संघ के 36 संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए थे.

# बहराइच में मां के साथ सो रही बच्ची उठा ले गया भेड़िया

## दोनों हाथ खा गया, शव देख मां बेहोश; 48 दिन में 8 की जान ले चुका

**बहराइच.** बहराइच में आदमखोर भेड़िए और खूंखार हो गए हैं. रविवार रात 1 बजे मां के बगल में सो रही 3 साल की बच्ची को उठा ले गया. मां चिल्लाकर पीछे भागी, लेकिन पलक झपकते ही भेड़िया गायब हो गया. 2 घंटे बाद बच्ची का शव घर से एक किमी दूर मिला. भेड़िया दोनों हाथ खा चुका था. मासूम का शव देखते ही मां बेहोश होकर गिर गई.

घटना महसी तहसील के नाउवन गरेठी गांव की है. 3 घंटे बाद इस गांव से 2 किमी दूर कोटिया गांव में भेड़िए ने बरामदे में सो रही महिला पर अटैक कर दिया. महिला चिल्लाई तो परिवार दौड़कर आया. तब तक भेड़िया महिला को जख्मी कर चुका था. उसकी हालत गंभीर है.



बहराइच में भेड़िया 48 दिन में 7 बच्चों और 1 महिला यानी 8 लोगों को मार चुका है. 38 से ज्यादा लोगों को घायल कर चुका है. सीएम योगी ने कहा- हर हाल में भेड़ियों को पकड़ा जाए.

भेड़िए के हमले से लोग डरे हैं. घरों के बाहर निकलना बंद कर दिया है. झुंड में एक जगह से दूसरी जगह जा रहे, लेकिन प्रशासन बेबस बना हुआ है. एक्शन के नाम पर ड्रोन उड़ाए जा रहे, पिंजरे लगाए जा रहे हैं. नतीजा कुछ भी नहीं निकल रहा.

वन विभाग का आलम इस बात से समझा जा सकता है कि कुल कितने भेड़िए हैं. इसे लेकर भी उनके पास कोई सटीक आंकड़ा नहीं है.

# पुणे में NCP नेता पर फायरिंग, मौत

■ **हमलावर ने कान से सटाकर गोली मारी**

■ **पुलिस बोली- वर्चस्व विवाद के चलते हत्या**

**पुणे.** पुणे में NCP अजित गुट के नेता और पूर्व पार्षद वनराज आंदेकर की रविवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई. पूर्व पार्षद पर ताबड़तोड़ पांच गोलियां चलाई गईं. फायरिंग के बाद वनराज आंदेकर को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

पुलिस ने बताया कि पुणे के नानापेठ के डोके तलीम इलाके में यह घटना देर शाम करीब 8:30 बजे हुई. आशंका है कि वर्चस्व विवाद के चलते आंदेकर की हत्या की गई है. आंदेकर के रिश्तेदारों पर ही हत्या का शक है. पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.



### CCTV में दिखे करीब 12 हमलावर

CCTV फुटेज में 5-6 बाइक से आए करीब 12 युवक एक साथ आंदेकर पर हमला बोलते दिख रहे हैं. आंदेकर अपनी जान बचाने के लिए पीछे की ओर भागने लगे. इसी दौरान एक हमलावर ने आंदेकर पर कान से सटाकर गोली मारी. आंदेकर के खून से लथपथ होने के बाद हमलावर ने हवा में बंदूक लहराते हुए फायरिंग की. इसके बाद सब मौके से फरार हो गए.

### वनराज की मां पार्षद और बहन मेयर रह चुकीं

वनराज आंदेकर 2017 पुणे नगर निगम चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से पार्षद चुने गए थे. NCP के 2 धड़ों में बंटने के बाद उन्होंने अजित गुट को समर्थन दिया था. इससे पहले उनकी मां राजश्री अंदेकर 2007 और 2012 में 2 बार पार्षद रह चुकी हैं. वनराज आंदेकर के चचेरे भाई उदयकत आंदेकर भी पार्षद थे. इसके अलावा उनकी बहन वत्सला आंदेकर पुणे की मेयर रह चुकी हैं.

# नितेश राणे बोले- मस्जिदों के अंदर आकर चुन-चुन कर मारेंगे

## भाजपा विधायक पर अहमदनगर में भड़काऊ भाषण देने का आरोप, VIDEO आते ही दो FIR

**अहमदनगर.** धर्म गुरु राम गिरी महाराज के समर्थन में रविवार (1 सितंबर) को महाराष्ट्र के अहमदनगर में सकल हिंदी समाज आंदोलन हुआ. इसमें भाजपा विधायक नितेश राणे ने कहा- महंत रामगिरी महाराज के बारे में कोई कुछ बोलेगा तो मस्जिद में घुसकर चुन-चुन कर मारेंगे. राणे के भाषण का वीडियो सामने आने के बाद अहमदनगर पुलिस ने मंगलवार को श्रीरामपुर और तोपखाना थाने में 2 FIR दर्ज की है.

FIR दर्ज होने के बाद नितेश राणे ने सोमवार को कहा- महंत रामगिरी महाराज के बयान में कुछ भी नया नहीं था. कई मुस्लिम स्कॉलर इस तरह के बयान दे चुके हैं. रामगिरी महाराज के समर्थकों को जान से मारने की धमकी मिल रही है.




### राणे के बयान में अपशब्द

राणे ने अपने भाषण के दौरान कहा- 'अगर हमारे रामगिरि महाराज की तरफ.... (अपशब्द बोलते हुए) नहीं तो यह बोलेंगे कि मराठी में बोल गया, इसलिए तेरे को जो भाषा समझ आती है, उसी भाषा में धमकी देकर जा रहा हूं. अगर हमारे रामगिरी महाराज के खिलाफ तुमने कुछ भी किया तो तुम्हारी मस्जिदों के अंदर आकर चुन-चुनके मारेंगे. इतना ध्यान रखना.₹

### AIMIM नेता बोले- भाजपा सांप्रदायिक हिंसा कराना चाहती

AIMIM नेता वारिश पठान ने नितेश राणे का वीडियो शेयर कर आरोप लगाया कि बीजेपी चुनाव से पहले सांप्रदायिक हिंसा कराना चाहती है. नितेश राणे का भाषण भड़काऊ है. उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए.

# सपा नेता ने नाबालिग से रेप भी किया, DNA में पुष्टि



**कन्नौज.** कन्नौज रेप केस में सपा नेता नवाब सिंह यादव का DNA सैंपल नाबालिग लड़की मैच हो गया है. SP अमित ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा- रेप मामले में घटनास्थल से साक्ष्य कलेक्ट किए गए थे. इसकी FSL (फोरेंसिक साइंस लैब) से रिपोर्ट आ गई है. इसमें नाबालिग से रेप की पुष्टि हुई है.

सपा नेता ने लड़की से अपने ही कॉलेज में दरिंदगी की थी. उसे पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार किया था. 16 अगस्त को नवाब को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया. अगले दिन यानी 17 अगस्त को नवाब का DNA सैंपल लिया गया. 15 दिनों बाद रिपोर्ट आई. नवाब को अखिलेश यादव का करीबी माना जाता है.

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन जारी करेगा

■ **सुझाव मांगे, कहा- सिर्फ आरोपी होने पर किसी का घर नहीं गिरा सकते, दोषी हो तब भी नहीं**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देशभर में आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई सिर्फ आरोपी है तो प्रॉपर्टी गिराने की कार्रवाई कैसे की जा सकती है? जस्टिस विश्वनाथन और जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने कहा, अगर कोई दोषी भी हो, तब भी ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकती है. सुप्रीम कोर्ट जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई कर रही है. इसमें आरोप लगाया गया है कि BJP शासित राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है और बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है. अब इस केस की सुनवाई 17 सितंबर को होगी.

**याचिका में आरोप-पीड़ितों को बचने का मौका नहीं दिया**

जमीयत के वकील फारूक रशीद का कहना है कि अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न करने और उन्हें डराने के लिए राज्य सरकारें घरों और संपत्तियों पर बुलडोजर एक्शन को बढ़ावा दे रही हैं.

# बैडमिंटन स्टार नेहवाल अर्थराइटिस से जूझ रहीं

■ **कहा- रिटायरमेंट के बारे में भी सोच रही हूं**

■ **लंदन ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता था**

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल अर्थराइटिस से जूझ रही है. 34 साल की साइना ने सोमवार को खुलासा किया है. उन्होंने कहा- इस साल के अंत तक रिटायरमेंट के बारे में सोच रही हैं. बीमारी के कारण मेरे लिए सामान्य घंटों तक ट्रेनिंग करना भी मुश्किल हो गया है. एक खिलाड़ी का करियर हमेशा छोटा होता है. मेरा करियर काफी लंबा रहा है और मुझे इस पर बहुत गर्व है. मैंने अपने शरीर को काफी हद तक तोड़ दिया है. मैंने जो किया है और जो कुछ भी दिया है, उससे मैं खुश हूं. इस साल के अंत तक आंकलन करूंगी कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं?



### नेहवाल की मुख्य बातें-

■ घुटना बहुत अच्छा नहीं है. मुझे आर्थराइटिस है. मेरी कार्टिलेज (शरीर में पाया जाने वाला एक लचीला ऊतक है, जो जोड़ों और हड्डियों की रक्षा करता है.) बहुत खराब है. इसलिए 8-9 घंटे तक जोर लगाना बहुत मुश्किल है. मुझे स्वीकार करना होगा कि महज 2 घंटे की ट्रेनिंग हाई क्वालिटी प्लेयर्स के साथ कम्पीट करने के लिए काफी नहीं है.

■ मैं संन्यास के बारे में भी सोच रही हूं. यह दुखद होगा, लेकिन

■ ओलिंपिक खेलना बचपन का सपना होता है. आप उस लेवल पर पहुंचने के लिए कई साल तैयारी करते हैं. मैंने बहुत मेहनत की है. मैंने तीन ओलंपिक में हिस्सा लिया. मैंने उन सभी में अपना 100 प्रतिशत दिया.

■ एक एथलीट के रूप में पहले से ही छोटे करियर के दौरान आप चार साल का ब्रेक नहीं ले सकते. आपको लगातार अच्छा प्रदर्शन करना पड़ता है. अगर आप एक इंटरनेशनल चैंपियन बनना चाहते हैं, तो आपको कठिन निर्णय लेने के लिए मजबूत होना होगा.

### ओलिंपिक मेडल जीतने वाली भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी

पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 साइना ने लंदन ओलिंपिक-2012 में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था. वे ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं. उन्होंने 3 ओलिंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया. साइना ने 2010 और 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीते हैं.

# AAP विधायक अमानतुल्लाह को ED ने गिरफ्तार किया

■ **दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में घर पर 4 घंटे की पूछताछ**

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (AAP) के विधायक अमानतुल्लाह खान को अरेस्ट कर लिया है. ED दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए सुबह अमानतुल्लाह के घर पहुंची थी.

सुबह 8:15 बजे से उनसे घर में ही पूछताछ और जांच की जा रही थी. 4 घंटे पूछताछ के बाद दोपहर 12.15 बजे ED अफसर उन्हें अरेस्ट करके ऑफिस ले जा रहे हैं. ओखला सीट से विधायक अमानतुल्लाह पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए 32 लोगों की अवैध भर्ती कराई और फंड का गलत इस्तेमाल किया. वक्फ की संपत्तियों को किराए पर दिया. ED पहले भी 2 बार अमानतुल्लाह से पूछताछ कर चुकी है.

ED के एक्शन के बाद अमानतुल्लाह ने कहा था- 'सर्च वारंट के नाम पर ED का मकसद सिर्फ मुझे गिरफ्तार करना है. मैंने हर नोटिस का जवाब दिया है. मुझे 2 साल ये लोग मुझे परेशान कर रहे हैं.'

# शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा



■ **SC ने कमेटी बनाई, ये ट्रैक्टर हटाने के लिए किसानों से बात करेगी**

■ **कहा- मुद्दों का राजनीतिकरण न हो**

**नई दिल्ली.** हरियाणा-पंजाब का शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा. सोमवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हाईपावर कमेटी गठित कर रहे हैं, लेकिन कोई मुद्दे तय नहीं कर रहे हैं. यह अधिकार कमेटी को दे रहे हैं. इस कमेटी में पंजाब और हरियाणा के अधिकारी भी शामिल हैं.

हाईपावर कमेटी को आंदोलनकारी किसानों के बीच पहुंचकर अपने ट्रैक्टर हटाने का अनुरोध करना चाहिए.

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी नसीहत दी कि इस मामले का राजनीतिकरण न किया जाए. मुद्दे बहुत संवेदनशील होते हैं, इसलिए संतुलित रुख अपनाना चाहिए.

पिछली 2 सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर को आंशिक तौर पर यानी एक लेन खोलने को कहा था. इस मामले में किसानों की पंजाब और हरियाणा के अधिकारियों से मीटिंग्स भी हुईं, जो बेनतीजा रहीं. हरियाणा पुलिस का कहना था कि किसान दिल्ली जाएं, लेकिन ट्रैक्टर लेकर न जाएं. किसान ट्रैक्टर समेत जाने पर अड़े रहे.


## उल्हासनगर महानगरपालिका

पर्यावरण विभाग
दिनांकः 30/08/2024

### जाहीर आवाहन

शासनाच्या पर्यावरण विभागाकडील दिनांक 3 मे 2011 रोजीच्या शासन निर्णयान्वये सणांचे पर्यावरणपुरक साजरीकरणासाठी व पर्यावरणाची हानी टाळण्यासाठी खालीलप्रमाणे दिलेल्या मार्गदर्शक सूचनांचे पालन करणेबाबत उल्हासनगर शहरातील नागरीक / उत्सव मंडळ यांना याद्वारे आवाहन करण्यात येत आहे.

1) केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण मंडळ यांनी मुर्ती विसर्जनाबाबत मार्गदर्शक सुचना निर्गमित केल्या असुन दिनांक 12/05/2020 रोजी प्रकाशित केल्या आहेत. त्यानुसार पि.ओ.पि. मुर्ती उत्पादनावर बंदी घालण्यात आलेली आहे. सदर मार्गदर्शक सुचनांची अंमलबजावणी बंधनकारक केली आहे.

2) केंद्रीय प्रदुषण नियंत्रण मंडळाने प्रकाशित केलेल्या मार्गदर्शक सूचना सुलभ संदर्भासाठी उल्हासनगर महापालिकेच्या http://www.umc.gov.in या संकेतस्थळावर पाहण्यासाठी उपलब्ध आहेत.

3) उल्हासनगर महानगरपालिकेतर्फे मुर्ती विसर्जनासाठी खालिल ठिकाणी कृत्रीम तलाव / हौद तयार करण्यात आले आहेत.
   1 ) सेंच्युरी क्लब समोर, शहाड, उल्हासनगर .
   2) आय डी आय कंपनीच्या, पुढे शहाड, उल्हासनगर-1
   3) बोटक्लब, हिराघाट, उल्हासनगर-3
   4) FOB च्या बाजुला, उल्हासनगर रेल्वे स्टेशन बाहेर उल्हासनगर-3
   5) कैलास कॉलनी, उल्हासनगर-5
   तसेच खाजगी संस्थांकडून तयार केलेले कृत्रिम तलाव,
   1) जिजामाता उद्यान, मराठा सेक्शन, उल्हास स्टेशन रोड, उल्हासनगर -4
   2) लालचक्की चौक, उल्हासनगर 4

4) शाडु वा मातीपासुन तसेच कागदी लगद्यापासून बनविलेल्या पर्यावरणपुरक रंगाच्या मुर्तीना तसेच लहान आकाराच्या मुर्तीना प्राधान्य द्यावे.

5) दिनांक 1 जुलै 2022 पासून बंदी असलेल्या प्लास्टीक पिशव्या व इतर प्लास्टीक वस्तूंचा वापर करण्यात येवू नये.

6) सार्व. उत्सव मंडळांनी मंडपाच्या ठिकाणी ओला कचरा व सुका कचरा यासाठी स्वतंत्र कचरा कुंड्या ठेवाव्यात. तसेच स्वतंत्र निर्माल्य कलश ठेवावे.

7) मंडळांनी ध्वनीक्षेपकाचा वापर करीत असताना ध्वनीप्रदुषण (नियमन व नियंत्रण) नियम 2000 सुधारणांसह मधील ध्वनीच्या पातळीचे नियंत्रण ठेवावे.

8) मुर्तीच्या आरासीच्या वेळी थर्माकोल व इतर पर्यावरणास हानीकारक वस्तूंचा अनावश्यक वापर करु नये. तसेच नैसर्गिक अशा विविध रंगाच्या फुलांच्या आरासीस अधिकाधीक प्राधान्य द्यावे.

9) घरगुती मुर्तीचे विसर्जन हे घरच्याघरी किंवा महापालिकेने उपलब्ध करुन दिलेल्या कृत्रिम तलावातच करावे व निर्माल्याची विल्हेवाट निर्माल्य कलशाद्वारे लावण्यात यावी.

10) घरच्याघरी मुर्ती विसर्जन केल्यानंतर राहिलेली माती पुर्नवापरासाठी महापालिकेकडे जमा करावयाची असल्यास या क्रमांकावर 9373860602 (श्री. सयाजी घाटविसावे) यांना संपर्क साधुन कळविण्यात यावे.

जा.क्र.उमपा/पिआरओ/340/2024
दिनांक - 2.9.2024

सही/-
**(विकास ढाकणे)**
प्रशासक तथा आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### राज्य में मतदाताओं की संख्या बढ़ी

**मुंबई.** राज्य में 30 अगस्त 2024 को मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है.

6 अगस्त को मतदाताओं की संख्या 9 करोड़ 36 लाख 75 हजार 934 थी. लेकिन अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, राज्य में मतदाताओं की संख्या 9 करोड़ 53 लाख 74 हजार 302 है और मतदाताओं की संख्या में 16 लाख 98 हजार 368 की वृद्धि हुई है. दिव्यांग और युवा मतदाताओं की संख्या बढ़ी है.

# महायुति का सीट शेयरिंग फॉर्मूला तैयार !

**173 सीटों पर बनी सहमति**

## महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए शिंदे-फडणवीस-पवार की बैठक



नागपुर. महाराष्ट्र में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है. ऐसे में राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए नागपुर में सीट बंटवारे पर बातचीत की.

बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को हुई यह मीटिंग करीब तीन घंटे तक चली. सूत्रों ने बताया कि कल की मीटिंग पिछले दो-तीन दौर की शुरुआती चर्चाओं के अनुरूप थी. दो-तीन और बैठकों के बाद सीटों के बंटवारे पर अंतिम मुहर लगेगी.

एनसीपी के सूत्रों ने बताया कि 173 सीटों पर सहमति बन गई है. सबसे ज्यादा सीटें बीजेपी को मिलेंगी, उसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की पार्टी को मिलेंगी. उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, सीएम शिंदे और एनसीपी के सीनियर नेता सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल की बैठक में जल्द ही बाकी 115 सीटों पर फैसला किया जाएगा.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कामकाज की बात करें तो सर्वे में शामिल 35 फीसदी लोग संतुष्ट पाये गये हैं, जबकि 31 फीसदी लोग कुछ हद तक संतोष भी जता रहे हैं. वैसे तो 28 फीसदी लोग एकनाथ शिंदे के कामकाज से संतुष्ट नहीं हैं.

MOTN सर्वे के मुताबिक, महाराष्ट्र में सरकार के कामकाज की बात करें तो 25 फीसदी लोगों ने संतोष जताया है, लेकिन ये संख्या हरियाणा में बीजेपी की सरकार की तुलना में थोड़ी कम है. महाराष्ट्र में 34 फीसदी लोग सरकार के काम से कुछ हद तक संतोष जता रहे हैं - लेकिन 34 फीसदी लोगों ने महाराष्ट्र सरकार के काम को लेकर असंतोष भी जताया है.

लोकसभा चुनावों में बीजेपी तो कांग्रेस से पिछड़ ही गई थी, उसके गठबंधन साथी शिवसेना और एनसीपी भी अपने पुराने साथियों के सामने फिसड्डी साबित हुए थे. महाराष्ट्र में कांग्रेस के हिस्से में 13 सीटें आई थीं, जबकि बीजेपी 9 पर ही सिमट कर रह गई थी - अब उसके हिसाब से देखें तो मूड ऑफ द नेशन सर्वे में लोगों ने जिस हिसाब से वोट डाले थे उससे अलग राय जाहिर की है.

**महाराष्ट्र चुनाव से पहले एकनाथ शिंदे सरकार का बड़ा कदम**

# महिलाओं के लिए 'हर घर दुर्गा अभियान'



**मुंबई.** महिलाओं पर लगातार बढ़ रहे अत्याचार को रोकने के लिए उन्हें खुद सक्षम बनाने पर सरकार जोर दे रही है. ताकि किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए वे खुद सक्षम हो. इसे आगे बढ़ाते हुए कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा 'हर घर दुर्गा अभियान' शुरू करने जा रहे हैं. वे सभी सरकारी औद्योगिक संस्थान में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण कोर्स शुरू करेंगे. लोढ़ा का कहना है कि हमें महिलाओं को इतना सक्षम बनाना है कि वह अपनी सुरक्षा खुद कर सके. उसे किसी प्रकार की मदद की जरूरत ही नहीं पड़े.

### छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

हर घर दुर्गा अभियान के तहत सभी सरकारी औद्योगिक संस्थान में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा. कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए आरक्षित घंटे शुरू करेंगे. जैसे स्कूलों और कॉलेजों में शारीरिक शिक्षा के लिए एक विशेष समय होता है. शारीरिक शिक्षा की तरह, महिलाओं के लिए कराटे, जूडो जैसे बुनियादी आत्मरक्षा प्रशिक्षण सप्ताह में कम से कम 2 घंटे के लिए आयोजित किए जाएंगे, जिससे महिलाओं को आपातकालीन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए सशक्त बनाया जा सके. यह प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा तथा विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा. योजना के बारे में इस योजना के बारे में मंत्री लोढ़ा कहते हैं कि हमारी महाराष्ट्र भूमि राजमाता जिजाऊ और पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के पदचिन्हों से पवित्र हुई है. अब तक अनगिनत महिलाओं ने इस भूमि की सुरक्षा और प्रगति में योगदान दिया है. मेरा हृदय उन सभी के प्रति समर्पित है. हम आज इन महिलाओं के आदर्श को सामने रखते हुए, हम महाराष्ट्र के छात्रों के लिए 'हर-घर दुर्गा अभियान' शुरू कर रहे हैं. मेरी छात्राओं से, महिलाओं से अपील है कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले.

# नवनियुक्त मनपा आयुक्त से मिले शिवसेना उबाठा नेता

- **उल्हासनगर में जलापूर्ति और गड्ढों पर किया चर्चा**



**उल्हासनगर.** समस्याओं से ग्रसित उल्हासनगर शहर को नव नियुक्त आयुक्त विकास ढाकने किस तरह विकास की राहों पर ले जाएंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा. बहरहाल सोमवार को शिवसेना उबाठा जिल्हा प्रमुख धनंजय बोड़ारे के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आयुक्त से मुलाक़ात कर सदिच्छा भेंट किया. इसके साथ ही शहर के प्रमुख मुद्दों पर उनका ध्यान केंद्रित करवाया.

शिवसेना उबाठा के कल्याण जिल्हा प्रमुख धनंजय बोड़ारे के नेतृत्व में उपजिल्हा प्रमुख राजेंद्र साहू, म्हारल शहर प्रमुख प्रकाश चौधरी, उपशहर प्रमुख दिलीप मिश्रा, शिवाजी जावले, राजन वेळकर तथा वर्धन बोड़ारे ने मनपा आयुक्त विकास ढाकने से मुलाक़ात कर आगामी गणेश उत्सव के पहले शहर के खड्डों का डांबरीकरण, नियमित जलापूर्ति, एमएमआरडीए विभाग द्वारा बनाये जा रहे सड़क जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आयुक्त का ध्यान केंद्रित करवाया.

इस विषय में आयुक्त ने उबाठा शिष्टमंडल को बताया की गणेश उत्सव त्यौहार को देखते आज ही विभाग प्रमुखों सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों की महत्व बैठक बुलाई गयी थी. इस बैठक में पुलिस विभाग को यातायात समस्या को लेकर सूचित किया गया है इसके आलावा सड़क के कार्यो सहित डांबरीकरण में कोताही बरतने वाले ठेकेदारो को ब्लैकलिस्टेड करने का आदेश दिया है.

पुणे में अतरिक्त आयुक्त का पदभार संभालने वाले नव नियुक्त आयुक्त विकास ढाकने के सराहनीय कार्यो के वजह से पुणेकर उनके ट्रांसफर का विरोध कर रहे थे. पुणे की तरह ही इस शहर को विकास की गति मिले, ऐसी अपेक्षा उपशहर प्रमुख दिलीप मिश्रा ने आयुक्त के समक्ष व्यक्त की. इस विषय में आयुक्त ने कहा कि पुणे से भी अच्छा विकास करने की कोशिश की जायेगी.

# चांदिवली में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर



**मुंबई.** चांदिवली के संघर्ष नगर स्थित कम्युनिटी हॉल में रक्तदान और स्वास्थ्य शिबिर के साथ मुफ्त चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिवशाही प्रतिष्ठान के माध्यम से आयोजित शिबिर का उद्घाटन आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने किया.

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने शिबिर का उद्घाटन के मौके पर कहा कि आम लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने के लिए शिवशाही प्रतिष्ठान की पहल काबिलेतारीफ है. इस मौके पर राज यादव, महेंद्र जैसवाल, अभिषेक पाण्डेय, राहुल यादव, आशीष जैसवाल, दीपक जैसवाल सहित अन्य उपस्थित थे. इस मौके पर 197 लोगों ने रक्तदान किया. 300 लोगों को मुफ्त चश्मा वितरित किया गया.

# विधायक केलकर के हाथों हजारों महिलाओं को लोककल्याण स्मार्ट कार्ड का वितरण



**ठाणे.** सरकारी तमाम योजनाओं को लेकर स्थानीय विधायक संजय केलकर ने महिला विकास परिवार नामक संस्था की ओर से भगवती स्कूल में हजारों महिलाओं को लोककल्याण स्मार्ट कार्ड का वितरण किया गया.लोककल्याण स्मार्ट कार्ड के माध्यम से महिला स्वयं व परिवार के लिए दिये गए दुकानों से खरीददारी पर 15 से 20 प्रतिशत की सहूलियत मिलेगी.स्मार्ट कार्ड के अंदर आने वाले दुकानों में 9 साड़ी, 15 ड्रेस मटेरियल, 12मेन्स वेयर, 3 किड्स वेयर, 9 स्टील व क्रॉकरी, 8 ज्वेलरी, 6 कास्मेटिक इमेटिशन, 3 फुट वेयर, 3 मोबाईल आईटी स्टेशनरी, 3पर्स बैग, 3 फर्नीचर, 1 यूनिफॉर्म व 1 मेडिकल स्टोर मिलाकर कुल 80 दुकानों का समावेश है.

इस अवसर पर विधायक संजय केलकर ने कहा कि यह सेवा मतदान के लिए नही बल्कि महिलाओं के सुरक्षा, सुविधा सेवा व उनके स्वयं रोजगार के लिए हमारा ध्येय है.महिलाओं के कल्याण को लेकर हमारा साल भर तमाम कार्यक्रम चलता रहता है.ऑनलाइन शिक्षा के लिए मुफ्त क्लाउड एप किया गया है.जिसका लाभ ढाई हजार लड़कियों ने लिया है.100 गरीब लड़कियों को मुफ्त में एनराइड फोन, डेढ़ हजार लड़कियों को कंप्यूटर कोर्स, महिलाओं के स्वयं रोजगार के लिए दीपावली पर दो सौ से ढाई सौ महिला बचत गट के माध्यम से स्टाल लगवाकर बड़ा लाभ मिलता है.इस अवसर पर महिला विकास परिवार के संयोजक पंढरीनाथ पवार, ठाणे जिला हौसिंग फेडरेशन अध्यक्ष सीताराम राणे, पूर्व उपमहापौर सुभाष काले, परिवहन सदस्य विकास पाटील, व्यापारी आघाडी ठाणे शहर अध्यक्ष मितेश शाह, मृणाल पेंडसे, पूर्व नगरसेविका प्रतिभा मढवी, नम्रता कोली सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही.

# उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी के हाथों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान



**ठाणे.** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में हर महीने आनंददायी निवृत्ती वेतन योजना आ रही है.जिसके तहत अगस्त माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारियों का आज उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फड़तरे के हाथों से 8 अधिकारी व कर्मचारियों को शाल, श्रीफल, सम्मान चिन्ह,पेंशन आदेश देकर सम्मानित किया गया.इस समय उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी फड़तरे ने सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों का अभिनंदन किया.वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक ने 39 साल के अनुभव के विषय पर जानकारी दी.

# एसएसटी महाविद्यालय के छात्रों की नाट्य प्रतिभा में शानदार प्रदर्शन

- **निरज जड स्मृति करंडक प्रतियोगिता में सफलता**





**उल्हासनगर.** वसई स्थित वर्तक कॉलेज में आयोजित निरज जड स्मृति एकपात्री अभिनय और स्किट प्रतियोगिता में उल्हासनगर के एसएसटी महाविद्यालय के छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट नाट्य कला का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. इस प्रतियोगिता में एकपात्री अभिनय श्रेणी में मराठी में ओम जाधव और हिंदी में ममता गुप्ता ने अपने-अपने प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया. इन्हें एसएसटी महाविद्यालय के ड्रामानॉमिक्स विभाग के निर्देशक हर्षल सूर्यवंशी और सदान जावरे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. छात्रों की इस उल्लेखनीय सफलता पर महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्रों ने उनकी सराहना की है. एसएसटी महाविद्यालय के इन छात्रों ने अपने अभिनय कौशल से प्रतियोगिता में जो चमक दिखाई है, वह महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है.

## आम सूचना

हम श्री रामआश्रय शोबली यादव व श्री दिनेश सहबली यादव सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, बैरक नं. 119 के सामने, हनुमान नगर, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 05एओ014338600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती विमला देवी मदनलाल सिकलीगर के नाम पर है. उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 2.9.2024 सी.नं. 4059 द्वारा मैंने खरीदी है. जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्री रामआश्रय शोबली यादव**
**व श्री दिनेश सहबली यादव**

## आम सूचना

मैं श्रीमती दर्शना बाबूराव उजगारे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, धोबीघाट, कमला नेहरू नगर, 1667 फुट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ014060600) उक्त प्रॉपर्टी श्री बाबूराव सीताराम उजगारे के नाम पर है. उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 25.6.2024 सी.नं. 163 द्वारा मुझे दी है. जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं. अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं. अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है.

सही/-
**श्रीमती दर्शना बाबूराव उजगारे**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

# आर माधवन ने ठुकराया पान मसाला का ऐड

- **एक्टर ने कहा- ऐसा काम नहीं करूंगा, जिससे ऑडियंस को नुकसान हो**



एक्टर आर माधवन ने हाल ही में एक पान मसाला ब्रांड का एंडोर्समेंट ठुकरा दिया है। इसके लिए एक्टर को बड़ी रकम की पेशकश भी कई थी। हालांकि दर्शकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए एक्टर ने इस प्रपोजल को ठुकरा दिया। एक्टर का कहना है कि वे ऐसे किसी भी ब्रांड का एंडोर्समेंट नहीं करना चाहते हैं, जिससे ऑडियंस को नुकसान हो। सूत्रों के मुताबिक, एक बड़ी पान मसाला कंपनी अपने ब्रांड की पहुंच बढ़ाने की फिराक में थी। अब माधवन के मना करने के बाद कंपनी ब्रांड के लिए नए चेहरे की तलाश में है।

### भड़के थे जॉन अब्राहम

कुछ समय पहले जॉन अब्राहम ने उन साथी एक्टर्स पर निशाना साधा था जो एक तरफ फिटनेस की बात करते हैं और दूसरी तरफ पान मसाला का ऐड करते हैं। जॉन ने कहा था कि वे कभी भी पान मसाला ब्रांड का एंडोर्समेंट नहीं करेंगे। वह अपने फैंस के लिए रोल मॉडल बनना चाहते हैं। कुछ समय पहले एक्टर अजय देवगन, शाहरुख खान और अक्षय कुमार पान मसाला और गुटखा ब्रांड का प्रचार करने को लेकर निशाने पर आ गए थे। इसके बाद अक्षय ने अनाउंसमेंट की थी कि वे इस तरह के प्रमोशन में पार्टिसिपेट नहीं करेंगे। उन्होंने फैंस से माफी भी मांगी थी।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099